5 माह की इंटर्नशिप के बाद भी अधूरा रहा सिलेबस

डीएलएड प्रशिक्षुओं को नहीं मिलेगी गर्मी की छुट्टियां, 18 से फिर कक्षाएं

शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में देनी होगी उपस्थिति

सिटी रिपोर्टर | जोधपुर

डीएलएड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों को इस बार ग्रीष्मावकाश में भी राहत नहीं मिलेगी। शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान के पंजीयक की ओर से जारी आदेश के अनुसार वर्तमान में राजकीय विद्यालयों में इंटर्नशिप कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को 18 मई से 20 जून तक अपने संबंधित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में उपस्थिति देनी होगी।

आदेश में कहा गया है कि 16 मई के बाद विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश शुरू होने के कारण सभी प्रशिक्षणार्थियों को अपने डीएलएड कॉलेजों में उपस्थित रहकर सैद्धांतिक पाठ्यक्रम पूरा करना होगा। दरअसल, द्विवर्षीय डीएलएड सत्र की कक्षाएं 6 अक्टूबर 2025 से शुरू हुई थीं, लेकिन 11 जनवरी 2026 को प्रशिक्षणार्थियों को इंटर्नशिप के लिए विद्यालयों में भेज दिया गया। करीब पांच माह बीतने के बाद भी अधिकांश प्रशिक्षु वापस नहीं लौटे हैं। शिक्षा विभाग के अनुसार अब तक सैद्धांतिक कक्षाएं केवल 76 दिन ही लग सकी हैं, जबकि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के नियमों के मुताबिक सत्र में 200 कार्यदिवस आवश्यक हैं।

शिक्षाविद बोले- पहले पूरा हो थ्योरी कोर्स

शिक्षक शिक्षा विशेषज्ञ प्रो. राजेंद्र श्रीमाली ने कहा कि अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की तरह शिक्षक शिक्षा में भी इंटर्नशिप सैद्धांतिक पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद शुरू होनी चाहिए, ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित न हो।